पेपर नं . ४

१. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर छः वाक्यों मे लिखिए । (१२)

१. झूरी की पत्नीने अपने मैके से लोटे बैलों के साथ कैसा व्यवहार किया ?

२. 'बचपन के वे दिन' के आधार पर पट्टीपूजन संस्कार का वर्णन कीजिए ।

३. रानी लक्ष्मीबाई की जीवन लीला किस प्रकार समाप्त हुई ?

४. धुमक्कडी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ विभूति कैसे है ?

५. हिमपात से बचने का उपाय डॉ. वसंत चिटणीसने क्या सोचा था ?

(ब) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दो-दो वाक्यों में दीजिए । (६)

१. भटियारा किस प्रसंग से सहम गया ?

२. विनोबाजी 'गदा' और 'चक्र' का अर्थ क्या बताते हैं ?

३. औरत प्रतिदिन ईश्वर से क्या प्रार्थना करती थी ?

४. सोमाबुआ के पति को क्या नहीं सुहाता था ?

(क) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में दीजिए । (२)

१. व्यक्ति के अंदर का मानव कब मर जाता है ?

२. सोना हिरनी को कौन से खाद्य पदार्थ पसंद थे ?

३. छल का आलिंगन हो, तब क्या करना चाहिए ?

२. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए । (९)

१. राजा जनक के वचन पर लक्ष्मण ने क्या उत्तर दिया ?

२. खेल में सब खिलाडी समान होते हैं । सूरदास के पद काव्य के आधार पर समझाइए ।

३. सतपुडा के जंगलों को कवि ने 'लताओं के बने जंगल' क्यों कहा है ?

४. 'इस नदी की धार में' गजल में कवि क्या संदेश देता है ?

(ब) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-दो वाक्यों में दीजिए । (६)

१. खेतों में चाँदी की सी जाली कैसे बनती है ?

२. 'हमारा घर कमजोर है' ऐसा कवि क्यों कहते हैं ?

३. लक्ष्मण कहाँ बैठे हैं ? वे कैसे हैं ?

४. धरती ने नया रूप क्यों धारण किया है ?

(क) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए । (२)

१. रहीमजी मछलियों को दीन क्यों कहते हैं ?

२. श्यामल भूतल पर कौन झुका है ?

३. अकाल में चूल्हा-चक्की की क्या स्थिति होती है ?

(ड) काव्यपूर्ति कीजिए । (३)

कई दिनों तक पूल्हा रोया ..... ऊपर कई दिनों बाद ।

३. (अ) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए । (४)

१. नाक रगडना २. रुपया खाना ३. नागफनी को चिपटाना

(ब) निम्नलिखित कहावतों में से किसी एक का अर्थ स्पष्ट कीजिए । (२)

१. सेफ की चाबी जिंदगी की चाबी है ।

२. नाच न जाने आंगन टेढा ।

(क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो से भाववाचक संज्ञाएँ बनाइए । (१)

१. जर्जर २. टूटना ३. सहमत

(ड) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के विशेषण बनाइए । (१)

१. मैदान २. उपेक्षा ३. घाव

(इ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो से कर्तृवाचक संज्ञा बनाइए । (१)

१. बेचना २. पथ ३. सलाह

(ई) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के विरूद्धार्थी शब्द लिखिए । (१)

१. कमाना २. मूक ३. पावन

(उ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के पर्यायवाची शब्द लिखिए । (१)

१. आलोक २. दिक्कत ३. रास्ता

(ऊ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के लिंग पहचानिए । (१)

१. बटन २. जेब ३. स्वर

(ए) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो के लिंग परिवर्तन कीजिए । (१)

१. आदमी २. भटियारा ३. गृहिणी

(ऐ) निम्नलिखित सामासिक शब्दों में से किन्हीं दो के समासों के नाम बताइए । (१)

१. नतसिर २. प्रतिदिन ३. वनफूल

(ओ) निम्नलिखित शब्द समूहों में से किन्हीं दो के लिए एक-एक शब्द लिखिए । (१)

१. जिसने हाल ही बच्चे को जन्म दिया हो ।

२. सिंह की आकृतिवाला आसन ।

३. जिसके हाथ में तलवार हो ।

(औ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं पाँच वाक्यों का सूचना के अनुसार परिवर्तन कीजिए । (५)

१. हमें क्रिकेट खेलने में बहुत मजा आई । (वाक्य शुद्ध कीजिए)

२. महारानी अशोक को बाँधने जा रही हैं । (पूर्ण भूतकाल में बदलिए)

३. माँ बच्चे को दूध ..... है । (पीना क्रिया का योग्य रूप लिखिए)

४. तम प्रत्यय का उपयोग करके वाक्य बनाइए ।

५. पढना मूल क्रिया की प्रथम और द्वितीय प्रेरणार्थक क्रियाएँ लिखिए ।

६. लतिका ने खत लिखा था । (अपूर्ण वर्तमान काल बनाइए)

७. उसने अपने मित्र का मकान खरीदा । (मिश्र वाक्य बनाइए)

८. आज यह बताना असंभव है । (निषेधात्मक वाक्य में बदलिए)

४. (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर २०० शब्दों में निबंध लिखिए । (१२)

१. रूपया बोलता है.

परिचय - सबसे बडी शक्ति - रूपया और सम्बन्ध - अवगुण भी गुण - रूपया न होने पर व्यक्ति की स्थिति - सीख

२. आतंकवाद - एक वैश्विक समस्या.

परिचय - आतंकवाद का जन्म क्यों ? - कहाँ कहाँ, क्या क्या करते हैं ? - कैसे करते हैं ? - विश्व में आतंक - सामना अति आवश्यक - कौन कैसे करता है ? - सामना कैसे करना चाहिए ? - कब करना चाहिए ? - संभावना - सफलता

३. मतदान केन्द्र पर दो घंटे.

चुनाव का प्रचार - चुनाव का दिन - मतदान केन्द्र का दृश्य - मतदान - विधिमत का मूल्य ।

४. अगर बचपन लौट आए.

प्रस्तावना - जीवन की तीन अवस्थाएँ - उनमें शैशव का स्थान - बबचपन की निर्दोषता - भोलापन - मस्त जीवन - खाना पीना खेलना - बचपन की खुशियाँ - बचपन के अविस्मरणीय प्रसंग - जीवन का एक सुवर्ण समय

(ब) दिये गये नाम और पते के आधार पर ही निम्नलिखित पत्र लिखिए । (८)

५, मुणाल सोसायटी, महात्मा गाँधी मार्ग, राजकोट से सुश्मिता पटेल अपनी सहेली मीनाक्षी शास्त्री को चक्षुदान का महत्व बताते हुए पत्र लिखती है ।

५. (अ) निम्नलिखित विधानों की सुयोग्य पूर्ति के लिए दिये गये पर्यायों में से किसी एक को चुनकर पूरा वाक्य फिर से लिखिए । (२)

(१) १. काँच बीननेवाली औरत आज बहुत प्रसन्न थी क्योंकि ...

- उनकी बेटी की आज शादी थी ।
- उसे लोटरी का इनाम मिला था ।
- उसने ढेर सारे काँच के टुकडे इकट्ठे किये थे ।

२. हिरनी का नाम सोना रखा गया क्योंकि ...

- उसका शरीर सुनहरे रंग का था ।
- उसे पीली वस्तुएँ बहुत प्रिय थी ।
- वह हंमेशा सोती रहती थी ।

निम्नलिखित विभाग 'अ' में पाठों के नाम दिये गये हैं और विभाग 'ब' में संबंधित लेखकों के नाम दिये गये हैं । पाठ का नाम लिखकर उसके सामने सही लेखक का नाम लिखिए । (२)

विभाग 'अ'	विभाग 'ब'
१. बचपन के वे दिन	१. सुभाषचन्द्र बोस
२. निंदा-रस	२. विष्णु प्रभाकर
	३. भगवतीप्रसाद वर्मा
	४. हरिशंकर परसाई

(३) निम्नलिखित विभाग 'अ' में पात्रों के नाम दिये गये हैं और विभाग 'ब' में पात्रों की उक्तियाँ दी गई हैं । (२)
सही पात्र का नाम लिखकर उसके सामने उक्ति लिखिए ।

विभाग 'अ'	विभाग 'ब'
१. गया की पत्नी	१. सूखे भूसे के सिवा कुछ न दूँगी खाएँ चाहे मरें ।
गया	
झूरी की पत्नी	

(ब) निम्नलिखित गद्यांश पढकर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (६)

गीता जीवन की कला सीखाती है । जब मैं देखता हूँ कि हमारा समाज आज हमारी संस्कृति के मौलिक सिद्धांतों कीअवहेलना करता है, तब मेरा हृदय फटता है । आप चाहे जहां जाएँ, परंतु संस्कृति के मौलिक सिद्धांतों को सदैव साथ रखें । संसार के सारे सुख क्षणभंगुर एवं अस्थायी होते हैं । वास्तविक सुख हमारी आत्मा में ही है । चरित्र नष्ट होने से मनुष्य का सब कुछ नष्ट हो जाता है । संसार के राज्य पर विजयी होने पर भी आत्मा कीहार सबसे बड़ी हार है । यही है हमारी संस्कृति का सार, जो अभ्यास द्वारा सुगम बनाकर कार्यरूप में परिणत किया जा सकता है ।

प्रश्न :

१. लेखक का हृदय कब फटता है ?
२. लेखक हमसे किस बात का हंमेशा ध्यान रखने के लिए कहता है ?
३. संसार के सारे सुख कैसे होते हैं ?
४. मनुष्य का सब कुछ कब नष्ट हो जाता है ?
५. संस्कृति का सार क्या है ?
६. इस परिच्छेद के लिए उचित शीर्षक दीजिए ।

(क) निम्नलिखित परिच्छेद का अपनी मातृभाषा में अनुवाद कीजिए । (८)

मुझे इसमें खुशी नहीं मिली । पर जब लोग तारीफ करते थे, तब जरूर खुशी होती थी । और, आपस में जो एक होड का सा भाव रहता था कि देखें कौन ज्यादा दुश्मनों को मारता है, उस होड में जीतने की खुशी को भी खुशी कहा जा सकता है । असली मारने में तो दरअसल किसी तरह का स्वाद है नहीं । और दुश्मन ? मुझे नहीं मालूम, ये मेरे दुश्मन क्यों थे ? जिन्हें मैंने मारा, मेरा उन्होंने क्या बिगाडा था ? दुश्मन तो दुश्मन, मैं उन्हें जानता भी नहीं था । अब भी यह सोचने की बात मालूम होती है कि फिर वह क्यों तलवार खोलकर मेरी गर्दन काटने सीधा मेरी तरफ बढा चला आता था और क्यों उसे मैंने अपनी तलवार की धार उतार दिया, जबकिहममें कोई तकरार न थी ।

F F F F F